Prof. Soniya Nityanand, MD, Ph.D.
(Padma Shri Awardee, 2025)
Vice Chancellor
प्रो० सोनिया नित्यानंद, एम०डी०, पी०एच०डी०,
(पद्म श्री सम्मानित, 2025)
कुलपति

King George's Medical University, U.P. Lucknow
किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ०प्र०, लखनऊ

Ref. No.: KGMU/VC/ 106 /2025 Date: June 19, 2025

1. समस्त अधिष्ठाता, चिकित्सा/दन्त विज्ञान/नर्सिंग/पैरामेडिकल विज्ञान संकाय/रिसर्च
2. कुलसचिव, के0जी0एम0यू0, उ0प्र0 लखनऊ।
3. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/अधीक्षक, जी0एम0ए0एच0,
4. समस्त विभागाध्यक्ष, के0जी0एम0यू0, उ0प्र0 लखनऊ।
5. चीफ प्रोवोस्ट/प्रोवोस्ट, समस्त छात्रावास, के0जी0एम0यू0, उ0प्र0 लखनऊ।
6. अधिशासी अधिकारी, केजीएमयू रेडियो गूंज एफ0एम0 एवं फैकल्टी इंचार्ज, आई0टी0 सेल
7. केजीएमयू टीचर्स एसोसियेशन/केजीएमयू कर्मचारी परिषद/नर्सिंग परिषद

विषय–21 जून 2025 को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, 2025 के अवसर पर "एक साथ सूर्य नमस्कार योग मुद्रा" कार्यक्रम सम्पन्न कर विश्व कीर्तिमान स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025 हेतु निर्धारित की गयी थीम "योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ" (Yoga for One Earth, One Health) के अन्तर्गत किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0 लखनऊ में 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जा रहा है। उक्त क्रम में मा0 कुलाधिपति, उ0प्र0 के विशेष कार्याधिकारी के पत्र संख्या–ई–3458/32–जी0एस0–2025, दि0 27.05.2025 के द्वारा 21 जून 2025 को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, 2025 के अवसर पर समस्त विश्वविद्यालयों में प्रातः 7:00 बजे "एक साथ सूर्य नमस्कार योग मुद्रा" कार्यक्रम सम्पन्न कर विश्व कीर्तिमान स्थापित किये जाने की अपेक्षा की गयी है।

अतः उक्त निर्देशों के अनुपालन में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून, 2025 को इस चिकित्सा विश्वविद्यालय के समस्त संकाय सदस्यों/अधिकारियों व कर्मचारियों/सभी छात्र–छात्राओं हेतु विश्व कीर्तिमान स्थापित किये जाने के उद्देश्य से सामूहिक योगाभ्यास एवं "एक साथ सूर्य नमस्कार योग मुद्रा" कार्यक्रम का आयोजन निम्नवत किया जा रहा है:–

क0	विवरण	तिथि व समय	स्थान
1	अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम	21.06.2025 प्रातः 6:00 बजे से	सरदार पटेल ग्राउण्ड, के0जी0एम0यू0, उ0प्र0 लखनऊ।
2	"एक साथ सूर्य नमस्कार योग मुद्रा" कार्यक्रम	21.06.2025 प्रातः 7:00 बजे से	

अतः मा0 कुलाधिपति एवं राज्यपाल, उ0प्र0 की अपेक्षानुसार 21 जून, 2025 को एस0पी0 ग्राउण्ड में प्रातः 6:00 बजे से आयोजित 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में समस्त प्रतिभागियों की उपस्थिति सुनिश्चित किये जाने हेतु अपने अधीन कार्यरत संकाय सदस्यों/अधिकारियों, कर्मचारियों को नामित करते हुए, टीम गठित करने के उपरान्त Attendance Registration Counter संचालित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें, जिससे कि विश्व कीर्तिमान बनाये जाने हेतु समस्त प्रतिभागियों की शत–प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करते हुए उसकी सूचना राजभवन सचिवालय को प्रेषित की जा सके।

S. Nityanand
(प्रो0 सोनिया नित्यानंद)
कुलपति

01 Shahmina Road, Chowk, Lucknow, Uttar Pradesh, India – 226003
Ph: +91-522-2257540, 2258880; Web: kgmu.org
E-mail: vc@kgmcindia.edu, Twitter: @kgmulucknow
Facebook: kgmuupdate